ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं.–1, नॉलेज पार्क–IV, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर – 201308, उ0प्र0
वेबसाइट : www.greaternoidaauthority.in, ई–मेल : authority@gnida.in

पत्रांकः नियो0 / पी0ओ0–57 / 2023 / 487 दिनांक : 31.10.2023

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण बोर्ड की 131वीं बोर्ड बैठक के मद संख्या–131 / 18, दिनांक 12.08.2023 में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में 6 / 10 प्रतिशत के आबादी विस्तार के भूखण्डों पर नोएडा प्राधिकरण की भाँति एकल आवासीय भूखण्डों हेतु अनुमोदित भवन विनियमावली के प्राविधानों को लागू किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रेषित किया गया था, जिसका प्राधिकरण बोर्ड के संचालक मण्डल द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदन के क्रम में उक्त संशोधनों पर यदि कोई आपत्ति / सुझाव हों तो समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 9.30 बजे से सायकाल 6.00 बजे तक प्राधिकरण के कस्टमर रिलेशन सेल अथवा आधिकारिक आईडी–gmplanning@gnida.in के माध्यम से महाप्रबन्धक (नियोजन एवं वास्तुकला), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को सम्बोधित करते हुए प्रेषित किया जा सकता है।

आपत्ति / सुझाव देने वाले व्यक्ति / संस्था को अपना नाम, पता व दूरभाष सहित पूर्ण विवरण देना आवश्यक है।

महाप्रबन्धक (नियो0 / वास्तु0)

Follow US On / OfficialGNIDA